अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 2 नवंबर 2022
कार्तिक शुक्ल-नवमी
विक्रम संवत-2079

PAGE NO : 02 TOP

थिएटर फेस्टिवल

शाम 4.00 बजे :
एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष में बनी ठनी से रसिक बिहारी का मंचन होगा।

PAGE NO : 05 TOP

वकील की खामोशी से बरी हुआ आरोपी

रंगकर्मी जेसी पालीवाल और देव मूर्ति ने किया थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का उद्घाटन

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। *संवाद*

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव का मंगलवार को आगाज हो गया। रंगकर्मी जेसी पालीवाल और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन देव मूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। पहले दिन इंद्रधनुष रंग महोत्सव में जॉन मोर्टिमर के डॉक ब्रीफ के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज गॉड प्रपोजेज का मंचन हुआ।

इसका निर्देशन कर रहे सलीम शाह ने एडवोकेट कमल कांत त्रिपाठी की मुख्य भूमिका भी निभाई। उनका साथ जय सिंह ने हिमाकत कुरैशी के किरदार में दिया। जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का इल्जाम है। सबूत उसके खिलाफ हैं उसे सजा मिलना तय है।

उसकी मुलाकात वकील कमल कांत त्रिपाठी से हुई। कमल ने कभी कोई मुकदमा नहीं जीता है लेकिन उसे उम्मीद है कि वह यह मुकदमा जीतेगा और प्रसिद्ध हो जाएगा। मामला कोर्ट रूम में पहुंचता है और जज के सामने वकील कमलकांत त्रिपाठी अपने तर्क नहीं रख पाते और न ही वह किसी से कोई पूछताछ ही कर पाते हैं। ऐसे में हिमाकत को फांसी की सजा हो जाती है, लेकिन सही पैरवी न होने का हवाला देकर राज्यपाल उसे बरी कर देते हैं। बाद में हिमाकत कहता है कि वकील कोर्ट में खामोश रहा यही उसके बरी होने की वजह बनी।

नाटक मंचन के बाद जेसी पालीवाल ने कहा कि कला ही लोगों को जोड़ती है और समाज का विकास करती है।

भागदौड़ भरी जिंदगी में इससे जुड़ना शरीर और मानसिक सेहत के लिए भी जरूरी है। देव मूर्ति ने कहा कि उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक विरासत को बचाने के साथ युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों को जोड़ने के लिए रिद्धिमा की स्थापना की थी।